यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ग्लोबल एक्सेसिबिलिटी अवेयरनेस डे 2023 का आयोजन

मुंबई, 19 मई, 2023: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने लगातार दूसरे वर्ष कई गतिविधियों के साथ ग्लोबल एक्सेसिबिलिटी अवेयरनेस डे (जीएएडी) का आयोजन किया:

1. कॉर्पोरेट वेबसाइट पर एक समर्पित वेबपेज "एक्सेसिबल बैंकिंग" का शुभारंभ किया गया. यह पृष्ठ ग्राहकों को बैंक की सुलभ सेवाओं की पेशकश के बारे में जानकारी प्रदान करता है.
2. बैंक ने मासिक ई-बुलेटिन "Pr@Waah मई 2023" के एक विशेष संस्करण के साथ जीएएडी 2023 का आयोजन किया, जिसमें ग्राहकों को समावेशी बैंकिंग पेशकशों की जानकारी प्रदान की गई.
3. दृष्टिबाधित लोगों के लिए बैंक के सुलभ उत्पाद यूनियन स्पर्श डेबिट कार्ड को प्रदर्शित करने वाले क्रिएटिव और वीडियो के साथ सोशल मीडिया पोस्टिंग.
4. जागरूकता बढ़ाने हेतु अपने कर्मचारियों के लिए डिजिटल सुगम्यता पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने समावेशन की कार्यप्रणाली के साथ एक वर्ष पूर्व अपनी सुगम्यता की यात्रा की शुरुआत यूनियन एक्सेस परियोजना के कार्यान्वयन के साथ की और बैंक अपने बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है.

....

प्रेस विज्ञप्ति

कॉर्पोरेट सम्प्रेषण प्रभाग, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 40021.
@unionbankofindia @UnionBankTweets UnionBankInsta YouTube UnionBankofIndiaUtube @unionbankofindia